टीसीएस आईटी विज 2017 का नागपुर एडिशन 12 को

नागपुर, 1 सितंबर. टाटा कंसलटन्सी सर्विसेस (टीसीएस) अग्रणी आईटी सर्विसेस, कंसल्टिंग एवं बिजनेस सोल्युशन फर्म की ओर से टीसीएस आईटी विज 2017 के नागपुर एडिशन की घोषणा की गई है, जो 12 सितंबर को सिविल लाइन्स स्थित डॉ. वसंतराव देशपांडे सभागृह में आयोजित किया जाएगा. कक्षा 8 से 12 के विद्यार्थी इसमें सहभागी हो सकते हैं. एक स्कूल से दो विद्यार्थी वाली एक से ज्यादा टीम्स हिस्सा ले सकती हैं. क्विज हेतु प्रवेश नि:शुल्क है.

स्कूलों को अपनी एन्ट्रीज 9 सितंबर तक अथवा इससे पहले प्रशांत कोपरकर, टीसीएस आईटी विज समन्वयक, अग्रवाल हाउस, बुराडे गल्ली, तेलीपुरा, सीताबर्डी में पंजीकृत करानी होगी. www.tcsitwiz.com पर ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा सकता है.

इस आईटी विज में आईटी क्षेत्र संबंधी विविध व्यक्ति, अपडेटस, उपकरण आदि पर प्रश्न पूछे जाएंगे. टीसीएस आईटी विज 2017 भारत के 12 शहरों में आयोजित की जाएगी. इसमें अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैद्राबाद, इंदौर, कोची, कोलकाता, मुंबई, नागपुर और पुणे का समावेश है. प्रादेशिक राउंड से पात्र हुई टीम्स दिसंबर मध्य में होनेवाले राष्ट्रीय अंतिम राउंड में मुंबई में आमने-सामने होंगी.